






## एक नजर में

### युवा कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक



**नीमच।** गांधी भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस की जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं में एकजुटता बढ़ाने तथा जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाने पर चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश प्रभारी शिवी सिंह चौहान सहित अतिथियों ने कहा कि युवा कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसका जमीनी जुड़ाव है। पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर आमजन की समस्याओं को चिन्हित करें तथा उनके समाधान के लिए प्रभावी ढंग से आवाज उठाएं। संगठन की गतिविधियों को गांव और बूथ स्तर तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान संगठनात्मक कार्यों को गति देने के साथ ऑनलाइन एप के माध्यम से गतिविधियों के निष्पादन एवं रिपोर्टिंग प्रक्रिया को लेकर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद पटेल, जिला प्रभारी विनोद पटेल, जिला अध्यक्ष मन्नू बना एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष वैभव अहीर मंचासीन रहे। जिला युवा कांग्रेस की ओर से अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन यश लोहार ने किया।

### पानी सप्लाई का समय निश्चित करें नगर पालिका



**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच के वार्ड नंबर 16 स्थित टाल मोहल्ले में पेयजल सप्लाई का समय निर्धारित नहीं होने से रहवासियों, विशेषकर महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कभी सुबह तो कभी अलग-अलग समय पर पानी आने के कारण उपभोक्ताओं को दिनभर पानी की प्रतीक्षा करनी पड़ती है। पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी हारून रशीद कुरैशी ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि वार्ड क्रमांक 16 के टाल मोहल्ले में पानी सप्लाई का निश्चित एवं नियमित समय निर्धारित किया जाए, ताकि रहवासियों को अपनी दैनिक दिनचर्या व्यवस्थित करने में सुविधा हो। कुरैशी ने कहा कि पानी लोगों की मूलभूत आवश्यकता है। जब पानी आने का कोई निश्चित समय नहीं होता तो महिलाओं और अन्य उपभोक्ताओं को घर पर ही इंतजार करना पड़ता है। इसके कारण वे आवश्यक कार्यों से बाहर नहीं जा पाते और उनका पूरा दिन प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा प्रत्येक क्षेत्र में पानी सप्लाई का समय सार्वजनिक रूप से निर्धारित कर उसकी जानकारी रहवासियों को दी जानी चाहिए। यदि किसी तकनीकी कारण या अन्य वजह से निर्धारित समय में पानी की सप्लाई संभव नहीं हो तो इसकी पूर्व सूचना भी उपभोक्ताओं को दी जाए। हारून रशीद कुरैशी ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मांग की है कि टाल मोहल्ले की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र पानी सप्लाई का समय निश्चित किया जाए और उसका नियमित रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि रहवासियों को राहत मिल सके।

### नीमच जिले के संबंधित क्षेत्रों में आचार संहिता लागू

**नीमच।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन-2026 का कार्यक्रम घोषित किए जाने के साथ ही नीमच जिले की संबंधित ग्राम पंचायतों, निर्वाचन क्षेत्रों और वार्डों में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। यह आचार संहिता निर्वाचन परिणाम घोषित होने तक प्रभावी रहेगी। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के पालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार, 31 अगस्त 2026 को आदेश जारी कर संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आदेश के अनुसार, आचार संहिता लागू होने के साथ ही संबंधित क्षेत्रों में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देश प्रभावशील हो गए हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# एमपी बोर्ड की सख्ती : पेपर के हर पेज पर स्कूल की 'पहचान'

**नीमच।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाओं में पेपर लीक जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए इस बार सख्त व्यवस्था लागू की जा रही है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक की त्रैमासिक परीक्षाओं में प्रश्नपत्र के प्रत्येक पेज पर संबंधित स्कूल की अलग पहचान होगी। यदि परीक्षा का पेपर लीक होता है तो उस प्रश्नपत्र से संबंधित स्कूल का डीआईएस कोड पता चल सकेगा।

प्रदेश में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की त्रैमासिक परीक्षाएं 7 से 17 सितंबर तक आयोजित होंगी। परीक्षा को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय और एमपी बोर्ड ने टाइम-टेबल के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस बार प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर उनकी छपाई और स्कूलों तक पहुंचाने की प्रक्रिया में भी विशेष सावधानी बरती जा रही है। राज्य स्तर से जारी ब्लूप्रिंट के आधार पर माध्यमवार प्रश्नपत्र तैयार किए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से प्रश्नपत्र तैयार करवाएंगे। इसके बाद आकंलन प्रकोष्ठ से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। यह प्रक्रिया 2 सितंबर तक पूरी करने के निर्देश हैं। इसके बाद 3 सितंबर तक सभी शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों को सीलबंद लिफाफों में प्रश्नपत्र पहुंचाए जाएंगे।



**प्रिंटिंग के बाद सॉफ्ट कॉपी डिलीट करना जरूरी**–प्रश्नपत्रों की फोटो कॉपी या प्रिंटिंग करानी पड़ने पर संबंधित दुकान पर अधिकृत शिक्षक की मौजूदगी अनिवार्य होगी। साथ ही शिक्षक को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रिंटिंग के बाद प्रश्नपत्र की सॉफ्ट कॉपी कंप्यूटर, प्रिंटर या अन्य सिस्टम से पूरी तरह डिलीट कर दी गई है। प्रश्नपत्र के प्रत्येक पेज पर स्कूल की पहचान होने से परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने की स्थिति में यह पता लगाने में आसानी होगी कि प्रश्नपत्र किस स्कूल से बाहर पहुंचा था।

> **7 से 17 सितंबर तक होंगी परीक्षाएं**
>
> जारी टाइम-टेबल के अनुसार कक्षा 9वीं और 10वीं की परीक्षाएं सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक तथा कक्षा 11वीं और 12वीं की परीक्षाएं दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा के बाद भी कक्षाएं नियमित रूप से संचालित होंगी। मूल्यांकन के बाद विद्यार्थियों को उनकी गलतियां बताई जाएंगी और कठिन विषयों पर उपचारात्मक शिक्षण कराया जाएगा। 21 सितंबर को पीटीएम आयोजित होगी, जबकि परीक्षा के परिणाम 25 सितंबर तक पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।



# जिला पंचायत सीईओ ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश

**नीमच।** जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव ने सोमवार को जिला चिकित्सालय नीमच का निरीक्षण कर अस्पताल में संचालित स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न वार्डों, आईसीयू एवं इमरजेंसी विभाग का निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों से उपचार, दवाइयों तथा अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान सीईओ वैष्णव ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिए कि इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को बिना देरी के आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने ड्यूटी के दौरान चिकित्सकों और स्टाफ को पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करने तथा मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने के निर्देश दिए।

# डॉ. अशोक जैन डॉक्टर आरए भार्गव अवॉर्ड के लिए चयनित

**नीमच।** हृदय रोग चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं, समर्पण एवं मानव सेवा के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) मध्यप्रदेश के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. अशोक जैन का चयन डॉ. आर.ए. भार्गव अवॉर्ड के लिए किया गया है। उन्हें यह सम्मान चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मध्यप्रदेश इकाई के तत्वावधान में 24 एवं 25 अक्टूबर 2026 को सागर में दो दिवसीय आईएमए मध्यप्रदेश राज्य सम्मेलन आयोजित होगा। सम्मेलन के दौरान आईएमए के प्रदेश पदाधिकारियों, अध्यक्ष, सचिव, संरक्षक एवं वरिष्ठ अतिथियों की मौजूदगी में डॉ. अशोक जैन को अवॉर्ड का प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।



**चिकित्सा सेवा में योगदान का सम्मान**–डॉ. अशोक जैन लंबे समय से हृदय रोग चिकित्सा के माध्यम से पीड़ित मानवता की सेवा कर रहे हैं। आईएमए पदाधिकारियों के अनुसार चिकित्सा क्षेत्र में उनके समर्पण, सेवा भावना और उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए उनका चयन इस सम्मान के लिए किया गया है। आईएमए नीमच अध्यक्ष डॉ. मनीष चमड़ियां और सचिव आदित्य भंडारी ने डॉ. अशोक जैन को मिले सम्मान को उनके निरंतर परिश्रम और सेवाभाव का परिणाम बताते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े अन्य चिकित्सकों के लिए भी प्रेरणादायी है। सागर में होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं सेमिनार आयोजित होंगे। इसमें नीमच और मंदसौर सहित मध्यप्रदेश, राजस्थान तथा देश के अन्य हिस्सों से 300 से अधिक चिकित्सकों के शामिल होने की संभावना है।

# 816 बूथों और 129 शक्ति केंद्रों पर सुनी 'मन की बात'

**नीमच।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 137वें संस्करण का रविवार, 30 अगस्त को नीमच जिले में व्यापक स्तर पर सामूहिक श्रवण किया गया। भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच के कार्यकर्ताओं ने जिले के 816 बूथों एवं 129 शक्ति केंद्रों पर एकत्र होकर प्रधानमंत्री के विचार और जनहित से जुड़े संदेश सुने। कार्यक्रम में भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उत्साह के साथ शामिल हुए।

नीमच में भाजपा परिवार के साथी एवं प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. अनूप मंगल के निवास पर भी 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, भाजपा के वरिष्ठ नेता हेमंत हरित, जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी आदित्य मालू, जिला कोषाध्यक्ष हेमलता धाकड़, जिला मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी, मंडल महामंत्री विक्की छाबड़ा एवं अशोक जोशी, पार्षद योगेश कवीश्वर, महेश खंडेलवाल, जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी अमन दीवान, लोकेश चांगल, हितेश नामदेव, उमंग सुराह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में नशामुक्त भारत, हर घर तिरंगा अभियान, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और वोकल फॉर लोकल जैसे विषयों पर देशवासियों से संवाद किया। इसके साथ ही अंतरिक्ष क्षेत्र में बेटियों की बढ़ती भागीदारी और किसानों द्वारा नई फसलों के प्रयोग जैसे विषयों का भी उल्लेख किया गया।



# मानसिक विक्षिप्त के हमले से युवक की मौत

**नीमच।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र में ग्वालटोली नाके के पास बालाजी टी स्टॉल के समीप ईंट से किए गए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना में गंभीर रूप से घायल लालाराम दीवान ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्वालटोली के दीवान चौक निवासी कैलाश, जिसे स्थानीय लोगों द्वारा मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है, ने लालाराम दीवान पर अचानक ईंट से हमला कर दिया। हमले में लालाराम गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों और परिजनों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया।



जिला अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा घायल का उपचार किया गया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। आरोपी कैलाश के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू की गई है।

**एक नजर** | **रामपुरा से कुकड़ेश्वर जा रहे थे तीन बाइक सवार**

# डंपर ने पीछे से मारी बाइक को टक्कर, एक की मौत ,दो घायल

**नीमच।** रोजी-रोटी की तलाश में रामपुरा से कुकड़ेश्वर जा रहे तीन लोगों को शायद अंदाजा भी नहीं था कि रास्ते में उनके साथ दर्दनाक हादसा हो जाएगा। सोमवार को हनुमंतिया रोड पर कुकड़ेश्वर सेंट्रल बैंक के सामने पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। दुर्घटना के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार कैलाश पिता केशुराम रावत, निवासी मगरदा थाना रामपुरा, अपने साथी शिवलाल पिता मदनलाल धनगर, निवासी इनायतपुरा और हरीश पिता बंशीलाल रेगर के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर रामपुरा से कुकड़ेश्वर की ओर जा रहे थे। तीनों काम की तलाश में कुकड़ेश्वर की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान हनुमंतिया रोड पर सेंट्रल बैंक के सामने पीछे से आए डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।



टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरी और तीनों सवार भी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस टीम ने घायलों को मौके से उठाकर उपचार के लिए मनासा अस्पताल पहुंचाया।

अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद कैलाश रावत को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल शिवलाल धनगर और हरीश रेगर का उपचार शुरू किया गया। कैलाश के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखवाया गया।

## मंदसौर

## एक नजर में

### मोटरसाइकिल चोरी



**भानपुरा।** भानपुरा नगर में रेवा गार्डन मार्ग पर तिवारी बाडी में नाहर इंटरनेशनल स्कूल में पदस्थ शिक्षक विनय जोशी की टी वी एस स्टार सीटी मोटरसाइकिल एम पी 09 एम एक्स 6934 को रात्रि में अज्ञात चोर चुरा ले गये चोर सी सी टीवी केमरे में मोटरसाइकिल चोरी करके ले जाते हुए साफ नजर आ रहे हैं इस घटना कि रिपोर्ट भानपुरा पुलिस थाने में दर्ज भी कराई है थाना प्रभारी विनय बुंदेला ने कहा कि सी सी टीवी केमरे के फोटोज के आधार पर पुलिस लगातार प्रयास रत हे ओर प्राथमिकता से इस मोटरसाइकिल चोरी करने वाले चोरों को पकड़ने के लिए कार्य कर रही है मिली जानकारी के अनुसार चोर दो अन्य मोटरसाइकिल को भी ले जाने के लिए प्रयास रत थे पर कामयाब नही हुए।

### शासकीय हाईस्कूल मगराना में संस्कृत सप्ताह का समापन



**मन्दसौर।** शासकीय हाईस्कूल मगराना में संस्कृत सप्ताह का समापन संस्कृत भारती विभाग मंदसौर के सह संयोजक पुरुषोत्तम मो? बु ?ा के मुख्य आतिथ्य एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमलेश पाटीदार की अध्यक्षता एवं रामचन्द्र चौहान संजीत के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। पुरुषोत्तम मो? आचार्य जी ने जीवन को कैसे जीना है, विद्यार्थी जीवन कैसा होना चाहिये पर छात्र/छात्राओं को आशीर्वाद स्वरूप मार्गदर्शन दिया। संस्कृत सप्ताह के समापन पर विद्यालय के शिक्षक बालाराम पाटीदार, श्रीराम कनासिया, दिनेशकुमार सुथार, एवं संस्कृत के कन्हैयालाल कोधरी ने संबोधित किया, सज्जन कुमार पाटीदार, घनश्याम पाटीदार एवं गाँव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अंत में सभी अतिथियों का आभार संस्था के प्राचार्य इंदरमल जाटव द्वारा व्यक्त किया गया।

### 5 सितंबर को निम्बोद में निश्शुल्क नेत्र- दांत रोग निदान शिविर

**मंदसौर।** आर्य समाज देहरी के तत्वावधान में भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर 5 सितंबर को ग्राम निम्बोद में निश्शुल्क नेत्र, दांत-दाढ़ रोग निदान शिविर आयोजित होगा। शिविर टैगोर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक लगेगा। शिविर में श्री लाभ-मुनि नेत्र चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉ. अशोक सोलंकी व टीम द्वारा नेत्र रोगियों की जांच की जाएगी। चयनित मरीजों के निश्शुल्क लेंस प्रत्यारोपण की व्यवस्था रहेगी। मरीजों को दवाइयां, चश्मे, भोजन और ठहरने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच होगी तथा अस्पताल आने-जाने के लिए बस की व्यवस्था रहेगी। मरीजों को आधार कार्ड साथ लाना होगा।

# दलौदा चौपाटी की पान दुकान में चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

## 18 हजार की सिगरेट व राजस्थान से चोरी बाइक सहित 68 हजार का मश्रुका जब्त

**मंदसौर। दलौदा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दलौदा चौपाटी स्थित पान दुकान का ताला तोड़कर सिगरेट चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई करीब 18 हजार रुपए मूल्य की विभिन्न कंपनियों की सिगरेट के पैकेट बरामद किए हैं। साथ ही उसके कब्जे से राजस्थान से चोरी की गई करीब 50 हजार रुपए मूल्य की मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।**

पुलिस के अनुसार मंडी रोड दलौदा निवासी विशाल पिता नानालाल शर्मा ने 30 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाश उसकी दलौदा चौपाटी स्थित पान दुकान के काउंटर का ताला तोड़कर सिगरेट के पैकेट चोरी कर ले गया है। मामले में थाना दलौदा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।



पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल तथा एसडीओपी ग्रामीण कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप डांगी के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी कृष्णा पिता विजेन्द्र उर्फ गुड्डा बंजारा, उम्र 19 वर्ष, निवासी गांधी नगर इंदौर को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार की। उसके कब्जे से सिगरेट के पैकेटों के अलावा हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-11-एमएन-7978 भी जब्त की गई। जांच में उक्त बाइक राजस्थान के आंवरी माता क्षेत्र, थाना भदेसर से चोरी होना बताया गया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप डांगी, प्रधान आरक्षक दीपेन्द्र सिंह, यादवेन्द्रसिंह एवं आरक्षक युवराज सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# शासकीय बालक उमावि पिपलिया स्टेशन में नवीन शाला प्रबंधन समिति का गठन

**पिपलियामंडी।** एकीकृत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन में शासन के नवीन दिशा-निर्देशों के अनुपालन में नवीन शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। विद्यालय में 21 सदस्यीय नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया।

समिति में नगर परिषद पिपलिया मंडी के उपाध्यक्ष भारतसिंह सोनगरा को संरक्षक तथा समाजसेविका दीपिका सोलंकी एवं स्थानीय पार्षद चेतना पोरवाल को मार्गदर्शक मनोनीत किया गया। वहीं शांतिलाल लकुम को अध्यक्ष एवं कलावती पाठक को उपाध्यक्ष चुना गया। समिति के सदस्यों के रूप में ललितकुमार सोलंकी, मुकेश पोरवाल निडर, लक्ष्मी डांगी, निर्मल कुमार सुनार्थी, अंजुम शाह, जया जैन, मीनाक्षी मोड, श्यामलाल लकुम, जगदीश मेघवाल, स्वप्निल ओझा, भगवतीलाल गहलोत, पी.एल. चौहान, पंकज बामणिया, रमेश मालवीय, गोपाल कच्छावा सहित अन्य सदस्यों को मनोनीत किया गया।



# शयन आरती मंडल की बालिकाओं को शस्त्र वितरित

**मंदसौर।** भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव की सावन के तीसरे सोमवार को शाही पालकी निकालने वाले पशुपतिनाथ शयन आरती मंडल की बालिकाओं को कल नपा सभापति निर्मला चंदवानी के द्वारा आत्मरक्षा हेतु शस्त्र वितरित किये गये।

शयन आरती मंडल से जुड़ी 50 बालिकाओं को चंदवानी परिवार ने आत्मरक्षा हेतु पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित हाल में शस्त्र वितरित किये। इस अवसर पर आरती मंडल के द्वारा भगवान श्री पशुपतिनाथ की अष्टमुखी प्रतिमा को सवा लाख भोग लड्डूओं व मठरी का भोग लगाया गया तथा उनकी आरती की गई। मुख्य अतिथि के रूप में नगरध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर व भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी, विशेष अतिथि के रूप में महिला मोर्चा महामंत्री प्रीति रोखले, महिला नेत्री विधा कडोतिया, पूजासेन ठाकुर, नपा सभापति दीपमाला मकवाना, समाजसेवीका मनीषा भटनागर, मोनिका चव्हाण, शा. महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष नरेश चंदवानी, आरती मंडल के राजेश राव भी मंचासीन थे।

**एक नजर** | **अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक सम्पन्न**

# हिंदू समाज की एकता, संगठन और सेवा को मजबूत करने का आह्वान

**मंदसौर।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की महत्वपूर्ण बैठक नगरपालिका सभागृह, मंदसौर में संतों के सान्निध्य में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के प्रमुख लक्ष्यों अब तो हिंदू ही आगे, समृद्ध हिन्दू-सुरक्षित हिंदू एवं सम्मानयुक्त हिंदू सहित विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में पधारे परिषद के प्रांत अध्यक्ष महंत ओमप्रकाश नाथ ने अपने आशीर्वचन में कहा कि हिंदू समाज की एकता, संगठन और सामाजिक समरसता को मजबूत करना वर्तमान समय की आवश्यकता है। प्रत्येक कार्यकर्ता समाजहित में सक्रिय रहते हुए संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करे।



प्रांत महामंत्री किशोर यादव ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं में है। गांव-गांव एवं प्रत्येक बस्ती तक पहुंच बनाकर हिंदू समाज को संगठित, जागरूक एवं सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को निरंतर प्रयास करना चाहिए प्रांत संगठन महामंत्री संजय यादव ने संगठन विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में निरंतर संपर्क एवं संवाद बनाए रखे। सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के बीच संगठन की मजबूत उपस्थिति बनाने के साथ अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का कार्य किया जाए।भागवताचार्य श्री दशरथ भाईजी ने कहा कि सनातन संस्कृति एवं हिंदू संस्कारों की रक्षा के लिए नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना आवश्यक है। परिवार एवं समाज में संस्कारों का वातावरण निर्माण करना हम सभी की जिम्मेदारी है।पं. श्री विष्णुनारायणजी ने कहा कि धर्म एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता के साथ समाज में आपसी भाईचारा, सेवा एवं समरसता की भावना को मजबूत करना आवश्यक है।